श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 144, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण | प्रयागराज | बुधवार, 30 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## शीतलहर की चपेट में दिल्ली

### तीन दिन तक पड़ेगी कड़ाके की ठंड

**राजधानी दिल्ली में 31 दिसंबर को कड़ाके की ठंड पड़ने की भविष्यवाणी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार इन दिनों न्यूनतम तापमान 3 डिग्री तक गिर सकता है। राजस्थान में ज्यादातर इलाकों में 3 दिन का ऑरेंज अलर्ट जारी किया जा चुका है।**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहाड़ों पर लगातार हो रहे हिमपात के कारण दिल्ली और आसपास के राज्यों समेत पूरा उत्तर भारत एक बार फिर शीतलहर की चपेट में है। इस वजह से मंगलवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 18.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के कुछ जिलों में तापमान शून्य या शून्य से नीचे चला गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन तक दिल्ली शीतलहर की चपेट में रहेगी।

मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को सुबह में कोहरा होगा और शीतलहर के कारण अधिकतम तापमान 18 डिग्री व न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। 31 दिसंबर और एक जनवरी को हल्के बादल छाए रह सकते हैं, लेकिन दोनों दिन सुबह के समय घना कोहरा होगा। 31 दिसंबर को न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस पर पहुंच सकता है। वहीं, तीन और चार जनवरी को हल्की बारिश भी हो सकती है।

हिसार का तापमान मंगलवार को शून्य डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, हिसार से सटे राजस्थान के चुरू में तापमान माइनस 0.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। यह पहाड़ी राज्यों को छोड़कर उत्तर भारत के शहरों में सबसे कम तापमान है। हरियाणा के नारनौल में भी तापमान 0.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

जम्मू-कश्मीर के उच्चपर्वतीय इलाकों के साथ श्रीनगर समेत कई निचले इलाकों में भी मंगलवार तड़के बर्फबारी शुरू हो गई। वहीं, जम्मू समेत मैदानी इलाकों में दिनभर कोहरे का पहरा रहा। कड़ाके की ठंड के बीच बर्फबारी और कोहरे से जनजीवन भी प्रभावित रहा। धुंध के कारण जम्मू आने वाली 19 उड़ानों में से 18 रद हो गई। वहीं, रेल सेवा और सड़क यातायात पर भी कोहरे की मार पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चौबीस घंटों के दौरान भी कश्मीर के कई स्थानों पर बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई है। वहीं, उत्तराखंड में नववर्ष का स्वागत कड़ाके की ठंड के बीच होगा। यहां भी कई इलाकों में तापमान शून्य डिग्री के आसपास ही बना हुआ है। हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को आठ स्थानों पर तापमान जमाव बिंदु से नीचे दर्ज किया गया। हिमपात के बाद सीजन में पहली बार डलहौजी में अधिकतम तापमान में 14 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। ऐसे में न्यूनतम के साथ अधिकतम तापमान भी जमाव बिंदु से नीचे दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने जयपुर, अलवर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, झुंझुनूं, सीकर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, अजमेर, बूंदी, दौसा और झालावाड़ में तेज शीतलहर का असर रहने का अनुमान जारी किया है। अगले 3-4 दिनों में कई शहरों में रात का तापमान 4 से 6 डिग्री तक लुढ़क सकता है। ज्यादातर इलाकों में 3 दिन का ऑरेंज अलर्ट जारी किया जा चुका है।

उत्तर से चल रही ठंडी हवाओं की वजह से सूरत में ठंड फिर से लौट आई है। आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलने से अधिकतम तापमान में 2 डिग्री और मिनिमम टेम्परेचर में 4 डिग्री की गिरावट आई है। पारा लुढ़कने से दिन में भी ठंडक का अहसास हुआ।

पहाड़ों से चली बर्फीली हवाओं के चलते पंजाब के तापमान में औसत 4 डिग्री की गिरावट आ गई। बठिंडा में रात का तापमान 1.5 डिग्री रह गया, जबकि दिन में पारा 14 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। फिरोजपुर में रात का पारा 2.4 डिग्री और दिन का पारा 12 डिग्री रहा। राज्य में आने वाले 48 घंटे में गहरी धुंध छाने का अलर्ट जारी किया गया है।

## लखनऊ में इंजीनियर युवती ने सड़क किनारे पेट्रोल डालकर खुद को लगाई आग, मौत

**रायबरेली रोड पंडित दीन दयाल उपाध्याय पार्क के पास हुई घटना। स्कूटी से पहुंची थी पार्क के पास सड़क किनारे रोकी स्कूटी और खुद पर पेट्रोल उड़ेलकर लगा ली आग। युवती को अस्पताल लेकर पहुंची पुलिस डॉक्टरों ने बताया मृत। युवती की शिनाख्त करने में लगी पुलिस।**



**लखनऊ, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मंगलवार शाम एक दिल दहलाने वाली घटना हुई। पीजीआइ थाने से चंद कदम की दूरी पर सड़क किनारे स्कूटी से पहुंची एक युवती ने पेट्रोल उड़ेलकर खुद को जिंदा आग के हवाले कर दिया। जब तक कोई कुछ समझ पाता आग का गोली बनी युवती इधर-उधर दौड़ने लगी। देर शाम हुई इस घटना से पुलिस अधिकारियों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस युवती को अस्पताल लेकर पहुंची। जहां, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देर रात युवती की शिनाख्त बीटेक पास सौम्या के रूप में हुई।

घटना रायबरेली रोड स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय पार्क की बाउंड्री वाल के पास की है। यहां मंगलवार शाम करीब 06:30 बजे सौम्या कश्यप (28) पुत्री मुन्ना लाल कश्यप निवासी सीतापुर सदर लाल रंग की स्कूटी से पहुंची। प्रत्यक्षदर्शी राहुल पाल के मुताबिक, युवती ने स्कूटी से उतरकर सड़क किनारे स्थित एक झोपड़पट्टी के पास पहुंची और उसने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। देखते ही देखते सौम्या आग का गोला बनकर दौड़ने लगी। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इंस्पेक्टर आशीष द्विवेदी, एसीपी कैंट बीनू सिंह और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस आनन-फानन उसे लेकर अस्पताल पहुंची। वहां डॉक्टरों ने सौम्या को मृत घोषित कर दिया।

एसीपी बीनू सिंह ने बताया कि पास में मिली स्कूटी का रजिस्ट्रेशन सीतापुर जिले का है। गाड़ी नंबर के रजिस्ट्रेशन के पते के आधार पर सीतापुर पुलिस से संपर्क कर परिवारीजनों को जानकारी दी गई। इस पर देर रात पीजीआइ थाने पहुंचे मुन्ना लाल ने शव की शिनाख्त की। मुन्ना लाल ने बताया कि वह शिक्षक हैं। यहां परिवार के साथ सीतापुर रोड छठा मिल में रहते हैं। बेटी ने किसी कारण से आग लगाई है इसकी उन्हें जानकारी नहीं है।

मुन्ना लाल ने बताया कि बेटी ने 2015 में राजस्थान स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक पास किया था। मंगलवार शाम बेटी ने कहा कि उसका मन नहीं लग रहा है। वह कुछ परेशान है। इसपर पूछने की कोशिश की तो कुछ बताया नहीं। इसके बाद शाम चार बजे घूमने जाने की बात कहकर घर से निकली थी। बेटी जब काफी देर तक नहीं लौटी तो उसके मोबाइल पर फोन किया। फोन और पर्स दोनों घर पर ही रखे मिले। इस पर कुछ आशंका हुई तो खोजबीन शुरू की। काफी तलाश करने पर भी कुछ पता न चल सका। इसके बाद पुलिस से सूचना मिली तो पीजीआइ थाने पहुंचे। यहां से पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव देखकर शिनाख्त की। पूरी घटना सड़क की दूसरी पट्टी पर लगे सीसी कैमरे के कैद हो गई है। पुलिस ने सारी फुटेज बरामद कर ली है। पुलिस अब घटनास्थल को जाने वाले अन्य मार्गों पर स्थित कैमरे खंगाल रही है। कि युवती के साथ कोई स्कूटी पर था तो नहीं। युवती किधर से आयी और पार्क के पास कैसे पहुंची। घटना के समय कुछ लोग पंडित दीन दयाल उपाध्याय पार्क में टहल रहे थे। पुलिस ने उनसे भी घटना और युवती के बारे में पूछताछ की पर कुछ पता नहीं चल सका।

## लद्दाख के निकट चीन ने तैनात कीं मिसाइलें भारत के साथ संघर्ष चीन के लिए अच्छा नहीं

**पाकिस्तान तेजी से चीन का मोहरा बनता जा रहा है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को लेकर वह जिस तरह कर्ज के जाल में फंस रहा है उसे देखते हुए आने वाले दिनों में उसकी सैन्य निर्भरता चीन पर और बढ़ेगी।**



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया ने कहा है कि चीन ने पूर्वी लद्दाख स्थित सीमा के निकट तगड़ी तैयारी की है। अपनी सेना का समर्थन करने के लिए उसने मिसाइल और रडार तैनात किया है। लेकिन, भारतीय वायुसेना ने भी स्थिति से निपटने के लिए जरूरी उपाय किए हैं। विवेकानंद अंतरराष्ट्रीय संस्थान द्वारा मंगलवार को 'राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियां और वायु शक्ति' विषय पर आयोजित एक वेबिनार को संबोधित करते हुए भदौरिया ने कहा कि चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर बड़ी संख्या में रडार तैनात किया है। सतह से हवा और सतह से सतह मार करने वाली मिसाइलें तैनात की हैं। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच संघर्ष खुद पड़ोसी देश के लिए अच्छा नहीं है। यदि चीन वैश्विक महत्वाकांक्षा रखता है तो यह उसकी योजना के अनुकूल नहीं है। तब उत्तर में चीन की कार्रवाइयों का संभावित उद्देश्य क्या हो सकता है? यह समझना महत्वपूर्ण है।

भदौरिया ने कहा कि पूर्वी लद्दाख में चीन की कार्रवाई पूरी तरह सैन्य प्रभाव वाला दुस्साहस भी हो सकता है, जो कोविड-19 के बाद उसके समक्ष पैदा हुए विश्वास के संकट का परिणाम हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत को पश्चिमी और उत्तरी मोर्चों सहित भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए समूची सैन्य शक्ति को मजबूत करने की आवश्यकता है। भदौरिया ने यह भी कहा कि वायुसेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि चीन की सेना विश्व में अमेरिकी वर्चस्व का मुकाबला करने के लिए अपनी क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यह भारत की सुरक्षा के लिए चिंता का कारण बन सकता है। भदौरिया ने कहा कि वैश्विक रूप से बढ़ती अनिश्चितता और अस्थिरता ने चीन को अपनी बढ़ती ताकत का प्रदर्शन करने का एक मौका उपलब्ध कराया है। हालांकि, परोक्ष रूप से इसने वैश्विक सुरक्षा के प्रति बड़ी शक्तियों के अपर्याप्त योगदान की ओर भी ध्यान आकर्षित किया है।

इस साल मई की शुरूआत में चीन ने लद्दाख सीमा पर घुसपैठ की कोशिश की थी। सीमा पर भारत और चीन की सेनाओं के बीच कई बार झड़प हुई और गलवन घाटी में भारत के 20 सैनिक शहीद भी हुए, जबकि चीन के 40 से ज्यादा सैनिक मारे गए थे। चीन की हरकतों पर अब भारत की पैनी नजर है। विशेषज्ञों का मानना है कि लद्दाख जैसी घटनाएं आगे और भी हो सकती हैं।

भदौरिया ने कहा कि पाकिस्तान तेजी से चीन का मोहरा बनता जा रहा है। चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे को लेकर वह जिस तरह कर्ज के जाल में फंस रहा है, उसे देखते हुए आने वाले दिनों में उसकी सैन्य निर्भरता चीन पर और बढ़ेगी। चीन आर्थिक गलियारे के सिलसिले में पाकिस्तान में करोड़ों डॉलर का निवेश कर चुका है और आर्थिक बदहाली से जूझ रहा पाकिस्तान उसके आगे दबाव में होगा।

### केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा, ब्रिटेन से आने वाली उड़ानों पर बढ़ाई जा सकती है रोक

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन के प्रसार की रोकथाम के लिए ब्रिटेन आने-जाने वाली उड़ानों पर रोक बढ़ाई जा सकती है। मंत्रालय ने पिछले सप्ताह दोनों देशों के बीच 23 से 31 दिसंबर तक विमान सेवाओं पर रोक लगा दी थी। पुरी ने मंगलवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भारत-ब्रिटेन के बीच विमान सेवाओं पर कुछ और दिन रोक बढ़ने के आसार हैं। उन्होंने कहा, 'एक-दो दिन में तय करेंगे कि क्या कुछ और कदम उठाने की जरूरत है या हम कब से मौजूदा अस्थायी प्रतिबंध में ढील देना शुरू कर सकते हैं।' इसके पहले स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि ब्रिटेन से भारत आए छह लोगों को कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन से संक्रमित पाया गया है। कोरोना वायरस के इस नए ब्रिटिश स्ट्रेन से संक्रमित होने के मामले डेनमार्क, नीदरलैंड्स, आस्ट्रेलिया, इटली, स्वीडन तथा कई और देशों में रिपोर्ट हो चुके हैं।

## पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- आंदोलन के नाम पर देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाना राष्ट्रीय दायित्व नहीं

**मालगाड़ियों के लिए ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के प्रयागराज स्थित कंट्रोल रूम और खुर्जा से भाऊपुर तक ट्रैक पर ट्रेन संचालन का वर्चुअल शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। सूबेदारगंज स्टेशन के निकट बनाया गया यह डीएफसी कंट्रोल रूम एशिया में सबसे बड़ा है।**

**प्रयागराज।** मालगाड़ियों के संचालन के लिए बनाए गए ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के प्रयागराज स्थित कंट्रोल रूम और लुधियाना से लेकर पश्चिम बंगाल स्थित दानकुनी स्टेशन तक 1875 किलोमीटर डीएफसी ट्रैक पर ट्रेनों के संचालन का शुभारंभ मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन भारतीय रेल के गौरवशाली अतीत को 21वीं सदी की नई पहचान देने वाला है। यह आजादी के बाद का सबसे बड़ा और अधुनिक रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट धरातल पर उतरते हुए हम देख रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज जब भाऊपुर-खुर्जा फ्रेट कॉरिडोर रूट पर जब पहली मालगाड़ी दौड़ी तो उसमें नए भारत और आत्मनिर्भर भारत की गूंज स्पष्ट सुनाई दी। प्रयागराज में ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर भी नए भारत के नए सामर्थ्य का प्रतीक है। यह दुनिया के बेहतरीन और आधुनिक कंट्रोल सेंटर में से एक है। उन्होंने कहा कि आज जब भारत दुनिया की बड़ी आर्थिक ताकत बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, तब बेहतरीन कनेक्टिविटी देश की प्राथमिकता है। इसी सोच के साथ बीते छह साल से देश में आधुनिक कनेक्टिविटी के हर पहलू पर फोकस के साथ काम किया जा रहा है। हाईवे, रेलवे, एयर-वे, वाटर-वे और आई-वे आर्थिक रफ्तार के लिए जरूरी इन पांचों पहियों को ताकत और गति दी जा रही है। यह ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे यहां यात्री ट्रेन और मालगाड़ियां दोनों एक ही पटरी पर चलती हैं। मालगाड़ी की गति धीमी होती है। ऐसे में मालगाड़ियों को रास्ता देने के लिए यात्री ट्रेनों को स्टेशनों पर रोका जाता है। इससे यात्री ट्रेन भी लेट होती है और मालगाड़ी भी। ये फ्रेट कॉरिडोर आत्मनिर्भर भारत के बहुत बड़े माध्यम होंगे। उद्योग हों, व्यापार-कारोबार हों, किसान हों या फिर कंज्यूमर, हर किसी को इसका लाभ मिलने वाला है। विशेष तौर पर औद्योगिक रूप से पीछे रह गए पूर्वी भारत को ये फ्रेट कॉरिडोर नई ऊर्जा देने वाला है। इसका करीब 60 फीसद हिस्सा उत्तर प्रदेश में है, इसलिए यूपी के हर छोटे बड़े उद्योग को इसका लाभ होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कल ही देश में 100वीं किसान रेल शुरू की गई है। किसान रेल से वैसे भी खेती से जुड़ी उपज को देशभर के बाजारों में सुरक्षित और कम कीमत पर पहुंचाना संभव हुआ है। अब किसान रेल और भी तेजी से अपने गंतव्य पर पहुंचेगी। यूपी के रेलवे स्टेशनों के भंडारण की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है। यूपी में आठ नए गुड शेड्स बनाए गए हैं। यह प्रोजेक्ट 2014 के पहले की सरकार की कार्य संस्कृति का जीता-जागता उदाहरण है। 2006 के इस प्रोजेक्ट पर जिस तेजी से राज्यों से बात होनी चाहिए थी, नहीं किया गया। यह योजना अटक गई, भटक गई। 2014 तक एक किमी भी ट्रैक नहीं बिछा था। लिहाजा बजट 11 गुना अधिक बढ़ गया। करीब 45 हजार करोड़। हमारी सरकार ने तेजी से इस बारे में बात आगे बढ़ाई। आठ साल में एक भी किमी ट्रैक नहीं था जबकि 2014 के बाद 1100 किमी ट्रैक तैयार हो गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले फोकस ट्रेनों की संख्या इसलिए बढ़ाने पर होती थी कि चुनाव में वोट मिल जाए, ट्रैक पर कभी ध्यान ही नहीं दिया गया। जोखिम भरा स्ट्रक्चर बना दिया गया था रेलवे को। हमने ऐलान कर भूल जाने वाली संस्कृति को दरकिनार कर रेल नेटवर्क और इसकी बेहतरी पर काम करना शुरू किया। अब भारतीय रेल पहले से अधिक सुरक्षित हुई है। रेलवे में स्वच्छता, भोजन व अन्य सुविधाओं का फर्क अब दिखता है। रेलवे मैन्युफैक्चरिंग में बहुत व्यापक सुधार हुआ है। बनारस रेल इंजन कारखाना और रायबरेली कोच फैक्ट्री का काम और नाम बढ़ा है। यहां से इंजन और कोच अब निर्यात हो रहा है।

## कोरोना के नए स्ट्रेन को लेकर सरकार पूरी तरह सचेत

### संक्रमितों का पुराने तरीके से ही होगा इलाज, वैक्सीन भी है कारगर






**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** ब्रिटेन में मिले कोरोना वायरस के अधिक संक्रामक स्वरूप (स्ट्रेन) ने भारत में भी दस्तक दे दी है। केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में ब्रिटेन से आए छह लोग कोरोना वायरस के नए स्वरूप (स्ट्रेन) से संक्रमित पाए गए हैं। संबंधित राज्यों में बने कोरोना केयर सेंटर में इन्हें सिंगल रूम आइसोलेशन में रखा गया है। इनके निकट संपर्क में आए लोगों को भी क्वारंटाइन किया गया है। साथ ही ब्रिटेन से आने वाले इनके सह-यात्रियों, पारिवारिक संपर्कों और अन्य लोगों का पता लगाने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया गया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार 25 नवंबर से 23 दिसंबर के बीच ब्रिटेन से कुल 33 हजार यात्री आए थे। इन सभी की आरटी-पीसीआर जांच की गई, जिनमें कुल 114 लोग पॉजिटिव पाए गए थे। इन सभी के सैंपल को जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए विशेष रूप से गठित 10 सरकारी प्रयोगशालाओं के समूह को भेजा गया था। इनमें से बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं स्नायु विज्ञान अस्पताल (निमहांस) में तीन, हैदराबाद स्थित कोशिका एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र में दो और राष्ट्रीय विषाणुविज्ञान संस्थान (एनआइवी) में एक सैंपल में कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन को पाया गया।

स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने बताया कि देश में पांच फीसद कोरोना पॉजिटिव मामलों के जीनोम सिक्वेंसिंग कराने का फैसला पहले ही कर लिया गया था। इसी को ध्यान में रखते हुए समूह में देश अलग-अलग भागों में स्थित प्रयोगशालाओं को शामिल किया गया है। उनके अनुसार इन प्रयोगशालाओं में पहले से ही जीनोम सिक्वेंसिंग का काम हो रहा था और अब तक पांच हजार से अधिक कोरोना वायरस के जीनोम सिक्वेंसिंग का काम हो भी चुका है।

नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वीके पॉल के अनुसार कोरोना वायरस में म्यूटेशन पर नजर रखने के साथ ही संक्रमित लोगों की बीमारी पर पड़ने वाले उसके प्रभाव का भी आकलन किया जा रहा है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) को इसके लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है।

सरकार ने साफ किया है कि वायरस के नए स्वरूप से संक्रमित लोगों के इलाज भी पुराने प्रोटोकॉल के हिसाब से ही किया जाएगा और फिलहाल इसमें बदलाव की कोई जरूरत नहीं है। साथ ही नोडल एजेंसी आइसीएमआर यह पता लगाने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है कि म्यूटेशन के कारण मौजूदा इलाज में बदलाव की जरूरत है या नहीं। इसके साथ ही वह इसका आने वाली वैक्सीन पर पड़ने वाले प्रभाव पर नजर रखेगी।

तमाम तैयारियों के बावजूद वायरस के नए स्वरूप की मौजूदगी ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। डॉ. पॉल ने कहा कि नए स्वरूप से तेजी से संक्रमण फैल रहा है। यह घातक नहीं भी हुआ तब भी ज्यादा लोगों के संक्रमित होने से गंभीर मरीजों की संख्या भी बढ़ जाएगी और उनके लिए इलाज की सुविधाएं तैयार करनी पड़ेगी।

## पवार ने कहा- सरकार किसान आंदोलन को गंभीरता से लें, प्रधानमंत्री विपक्षी दलों पर दोष मढ़ना छोड़ें

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री तथा राकांपा प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि सरकार किसान आंदोलन को गंभीरता से ले और प्रधानमंत्री इस आंदोलन के लिए विपक्षी दलों पर दोष मढ़ना छोड़ें। उन्होंने आंदोलनकारी किसानों से वार्ता के लिए गठित तीन सदस्यीय मंत्री समूह पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी को इस मामले में कृषि तथा किसानों के मुद्दे की 'गहरी समझ' रखने वाले नेताओं को आगे करना चाहिए। अब तक पांच दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन कोई निष्कर्ष नहीं निकला है। प्रेट्र के साथ एक साक्षात्कार में पवार ने कहा कि यदि सरकार किसानों से अगले दौर की वार्ता में भी समाधान निकालने में विफल रही तो विपक्ष बुधवार को भविष्य की रणनीति पर विचार करेगा।



केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के इस दावे पर कि मनमोहन सिंह की सरकार में बतौर कृषि मंत्री वह (पवार) भी कृषि सुधार चाहते थे, लेकिन राजनीतिक दबाव के कारण विफल रहे, पवार ने कहा कि निश्चित ही वह कृषि क्षेत्र में सुधार लाना चाहते थे, लेकिन इस तरह नहीं, जैसा भाजपा सरकार ने किया है। वह आज के सुधार से बिलकुल अलग था। पवार ने कहा कि उन्होंने सुधार की पहल से पूर्व सभी राज्य सरकारों से विमर्श किया था और तब तक आगे नहीं बढ़े जब तक उनकी आपत्तियों का समाधान नहीं हो गया। उन्होंने कहा कि खेती दिल्ली में बैठकर नहीं होती है, क्योंकि किसान गांवों में कड़ी मेहनत करता है और इस मामले में राज्य सरकारों की बड़ी जिम्मेदारी होती है। इसलिए जब अधिकांश कृषि मंत्रियों को कुछ न कुछ आपत्तियां हैं तो केंद्र सरकार का यह दायित्व है कि इस मामले में आगे बढ़ने से पहले उन्हें विश्वास में लेकर उनके मुद्दों का समाधान करे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बार केंद्र ने विधेयक तैयार करने से पहले न तो राज्यों से विमर्श किया और न ही राज्यों के कृषि मंत्रियों की कोई बैठक बुलाई। सरकार ने अपने दम पर संसद में विधेयक पारित करा लिए और उसी से ये समस्याएं शुरू हुई हैं।

# ग्रामीण अंचल

प्रयागराज बुधवार, 30 दिसम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### अनुप्रिया पटेल ही दलितों शोषितों की असली शुभचिंतक : बलवंत सिंह

**करमा।** यमुनापार के डाही नुमाया में अपनादल एस. कें शहर पश्चिमी विधानसभा कें कार्यकताओं की बैठक हुई जिसका नेतृत्व कर रहें युवा समाजसेवी एवम पार्टी पदाधिकारी बलवंत सिंह पटेल नें कहा कि सभी कार्यकताओं कों अभी से ही विधानसभा की तैयारी में जुट जाना चाहिए क्योंकि आने वालें कल में बहन अनुप्रिया पटेल ही प्रदेश की मुख्यमंत्री होंगीं साथ ही उन्होने कार्यकताओं में जोश भरते हुए यह भी बोलें कि गरीबों , दलितों एवम शोषित समाज कें हित में पार्टी कार्य कर रहीं साथ ही दिनोंदिन लोकप्रिय भी होती जा रहीं हैं अतः सभी कार्यकताओं का यह नैतिक दायित्व बनता हैं कि अभी से ही घर -घर जाकर पार्टी की नीतियों एवम विचारधारा कों जन जन तक पहुंचाएं संबोधन कें अंत में समाजसेवी बलवंत पटेल नें यह भी कहा कि वर्तमान समय सर्दी एवम कोरोना महामारी का प्रकोप चल रहा हैं इसलिए सभी लोग आसपास कें गाँवों में जाकर कंबल, खाद्यान्न एवम मास्क मुहैया करवाएं । उक्त अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों कों माल्यार्पण करके सम्मानित भी किया गया । इस अवसर पर ग्रामीणों में कंबल भी वितरित किया गया । भंवर सिंह, अर्जुन सिंह, दिलीप, आदर्श, अखिल इत्यादि लोग उपस्थित रहें ।

## मार्ग दुर्घटना में किसान की मौत

**करमा।** घूरपुर थाना के करमा चौकी के अन्तर्गत राजापुर नहर की मोरी पिछले काफी दिनों से डेथ प्वाइंट के रूप में उभर रहीं है कल देर शाम घूरपुर थाना क्षेत्र के छोटी कांटी कें निवासी बृजलाल पटेल (58) का मार्ग दुर्घटना में मौत हो गयी जिससे परिजनों एवं सम्बन्धियों का रो-रोकर बुरा हाल है मृतक के बड़े बेटे बर्बरीक पटेल के मुताबिक चिल्ली ग्राम कुटनीपुर में काफी समय से खेती की जा रहीं है कल मृतक खेत से लौटकर जब घर की तरफ जा रहे थे तभी राजापुर पेट्रोल पम्प के समीप मार्ग दुर्घटना मे उनकी मौत हो गयी । बताया जाता है कि मृतक बृजलाल पटेल किसानी के साथ ढोल वादक भी थे इसके साथ ही बहुत ही सज्जन एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे जैसे ही उनके निधन की सूचना हुई तो काफी भारी मात्रा में सगे सम्बन्धियों समेत आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हों गयी । मृतक के ऊपर ही घर के भरण पोषण की जिम्मेदारी थी परिवार में पत्नी समेत 5 बेटियाँ एवं दो बेटे हैं जिसमें 3 बेटियों एवं बेटे की शादी हों गयी हैं ।



किसान की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

### बेटियों की चीत्कार से नम हुई लोगों की आंखे

पोस्टमार्टम कें पश्चात जैसे ही शव गाँव में आया बेटियों नें अपने पिता कों मृत अवस्था में देखकर दहाड़ मारकर रोने लगी परिजनों कें विलाप कों देखकर आएं हुए अन्य लोगों की भी आंखे नम हों गयी । ग्रामीणों कें मुताबिक बृजलाल काफी मेहनती एवम संगीत प्रेमी थे आसपास कें सभी लोगों से मृतक का व्यवहार बहुत ही अच्छा था । परिजनों कें मुताबिक दो बेटियाँ अनीता , फूलन एवम बेटे शिवा की अभी शादी नही हुई हैं ।

### डेथ प्वाइन्ट कें रूप में तब्दील हों रहीं राजापुर मोरी

गौहनिया-पचदेंवरा मार्ग में चिल्ली ग्राम कें अन्तर्गत आने वाली राजपुर मोरी पर आएं दिन दुर्घटनाओं में लोगो की जान जा रहीं हैं । स्थानीय लोगों कें मुताबिक यहाँ मार्ग चौड़ीकरण एवम गोला चौराहा की पुरजोर माँग उठती रहीं हैं किन्तु प्रशासन कें कान में जूँ तक नही रेंग रहीं ।

## मासूम के अपहरणकर्ताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार




परिजन के साथ मासूम व पुलिस की गिरफ्त में अपहरणकर्ता

**जंघई।** सरायममरेज इंस्पेक्टर भरत कुमार के नेतृत्व में एसआई बनवारी लाल, कांस्टेबल हर्ष कुमार वर्मा एवं राहुल यादव की टीम ने परशुराम पासी की पुत्री रोशनी 7 वर्ष निवासी सरायआलम थाना सरायममरेज के अपहरणकताओं राजू बनवासी निवासी बनकापुर थाना हंडिया, धरमू बनवासी निवासी पूरे रघई थाना सरायममरेज को मसाढ़ी कटहरा से गिरफ्तार करके विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके न्यायालय प्रयागराज भेजा। इंस्पेक्टर भरत कुमार के अनुसार रोशनी के अपहरणकर्ताओं ने सोमवार देर शाम को रोशनी का घर के पास से अपहरण कर लिया था और मसाढ़ी स्थित एक खेत में बोरी में भरकर ले जाकर रख दिया और पास में छिप गये।पास के खेत में सिंचाई कर रहे किसान को बोरी हिलती दिखाई पड़ी तो उसने हल्ला मचाया जिस पर ग्रामीण इकट्ठा हुए और बदमाशों को पकड़ कर पिटाई किया और पुलिस को सूचना दिया। मौके पर इंस्पेक्टर सरायममरेज पहुंचे और तहकीकात किया परिजनों एवं लड़की के तहरीर पर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

## मॉडल शॉप पर शराबियों ने काटा जमकर हंगामा, सिपाहियों से भिड़े, की मारपीट

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के महेवा स्थित खान चौराहे के समीप मंगलवार को पैसे के लेनदेन को लेकर दो शराबी मॉडल शॉप में विवाद करते हुए जमकर हंगामा काटने लगे। बीच बचाव करने पुलिस पहुंची तो शराबियों ने सिपाहियों से मारपीट शुरू कर दी। जिससे वहां पर हड़कंप मच गया। हालांकि दोनों शराबियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर नैनी कोतवाली उठा लाए।

जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के महेवा स्थित खान चौराहे के समीप मॉडल शॉप पर मंगलवार शाम को दो युवक पहुंचे और जमकर शराब पीने के बाद पैसे के लेनदेन को लेकर सेल्समैन से झगड़ा करने लगे, बात आगे बढ़ी तो उक्त शराबियों ने सेल्समैन की पिटाई कर दी। तभी उधर से गुजर रहे एग्रीकल्चर पुलिस चौकी से संबंधित कांस्टेबल भूपेंद्र व पुष्पेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों को विवाद करने से रोका तो दोनों मिलकर सिपाहियों से मारपीट करने लगे। जिससे वहां पर भारी भीड़ जमा हो गई और हड़कंप मच गया। सिपाहियों ने लोगों की मदद से दोनों शराबियों को वहीं मॉडल शॉप के एक कमरे में बंद कर कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पुलिस पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत में लेकर नैनी कोतवाली उठा लाए। जहां दोनों युवक शराब के नशे में चूर थे। इस संबंध में नैनी इंस्पेक्टर जीतेंद्र सिंह ने बताया कि शराबियों के द्वारा विवाद किया जा रहा था। जब पुलिसकर्मियों ने रोका तो धक्का-मुक्की शुरू कर दिए। दोनों शराब के नशे में चूर हैं और होश आने के बाद ही नाम पता आदि ज्ञात हो पाएगा।



हंगामा कर रहे शराबियों को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस

## पद यात्रा निकाल रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं का पुलिस ने किया चालान

**नैनी।** किसान आंदोलन के समर्थन मे यात्रा निकल रहे करछना विधानसभा के युवा कांग्रेस पदाधिकारियों को नैनी पुलिस ने गिरफ्तार कर शांतिभंग के आरोप में चालान कर दिए। मंगलवार को छिवकी से पद यात्रा का आयोजन किया जा रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर नैनी कोतवाली उठा लाए। जितेन्द्र तिवारी की अगुवाई में आयोजित पद यात्रा में गिरफ्तार होने वाले लोगों में यूथ कॉंग्रेस से सहजादूल हक, सत्यम सिंह, माधवी राय, सरफराज खान, आयुष मिश्रा, आलोक शुक्ला, प्रांजल केसरवानी, मोनू यादव, करन त्रिपाठी, प्रलकित, अधिकांश मिश्रा, गौरव यादव, नितिन पांडेय , शशांक शुक्ला, सुल्तानशेख, शहर कॉंग्रेस पार्टी से नयन कुशवाहा, संतोष मिश्रा, शंभू नाथ शर्मा, अनिल श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, अंजुम नाज, शिव शंकर मिश्रा शामिल थे।

## कलश यात्रा निकाल रही एकल अभियान की शिक्षिकाओं को पुलिस ने रोका

**कोरांव।** एकल अभियान के तहत चल रहे विद्यालयों की शिक्षिकाओं ने संस्कार शिक्षा व भाषा तथा गणित विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए कलश यात्रा के जरिए लोगों में जन जागरूकता फैलाने के लिए कोरांव बाजार के संस्कृत पाठशाला से कलश यात्रा निकालने की तैयारी चल रही थी कि कलश यात्रा जुलूस निकालने की जानकारी कोरांव पुलिस को होने पर पुलिस भी कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गई और जनजागरूकता व देश प्रेम तथा राष्ट्रभक्ति पर आधारित एकल अभियान के शिक्षक व शिक्षिकाओं के द्वारा निकाली जा रही कलश यात्रा को बाजार में घुमाने से रोक दिया। जिससे नाराज आयोजकों व शिक्षिकाओं ने पुलिस प्रशासन की निंदा की। कलश यात्रा यात्रा की शुरूआत भारतीय किसान संघ के प्रांत उपाध्यक्ष भोला सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि रहे भोला सिंह ने शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि एकल अभियान पूरा क्षेत्र में शिक्षा से वंचित बच्चों में शिक्षा के प्रति अलख जगाने का कार्य कर रहा है जो काबिले तारीफ है। एकल फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एकल अभियान गांवों में स्कूल न जाने वाले बच्चों को संस्कार शिक्षा के साथ उन्हें भाषा विज्ञान व गणित आदि की जानकारी देकर साक्षर बनाने का काम कर रहे हैं। जिसके क्रम में ऐसे बच्चों को ही एकल विद्यालयों में दाखिला लेने के लिए उक्त जन जागरूकता रैली निकाली जा रही थी किंतु पुलिस प्रशासन ने उन्हें जन जागरूकता रैली को बाजार में घुमाने से रोक दिया। जिससे सुबह से ही आए शिक्षक शिक्षिकाओं में आक्रोश देखा गया और पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान प्रमुख रूप से सच्चिदानंद त्रिपाठी, माधवेंद्र प्रसाद सिंह अंचल अध्यक्ष, मुन्ना सिंह अंचल कार्यालय प्रमुख, राज बहादुर सिंह संच प्रमुख कोरांव, अमृता पटेल अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षण प्रमुख, जय सिंह संच प्रभारी, निशा देवी, प्रीति कुशवाहा, धर्मशिला, रीता सिंह सहित भारी संख्या में शिक्षिकाएं व शिक्षक तथा संच के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## होटल में पकड़ी गई बिजली चोरी लाखों रुपए का लगा जुर्माना

**नैनी।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निगम लिमिटेड की ओर से बिजली चोरों पर नकेल कसने के लिए जारी अभियान के तहत मंगलवार को टैगोर टाउन उपखंड अधिकारी विजय तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने जॉर्ज टाउन स्थित दरभंगा कालोनी के समीप एक होटल में बिजली चेकिंग करते हुए लगभग 10 किलो की अतिरिक्त बिजली चोरी को पकड़ा गया। अधिकारियों ने विभागीय कार्रवाई करते हुए लगभग तेरह लाख रुपए का जुमार्ना लगाते हुए होटल मालिक दरभंगा कॉलोनी निवासी वरुन कोहली के खिलाफ गठित संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। वहीं कर्नलगंज में घरेलू संयोजन पर गर्ल्स हॉस्टल चलाया जा रहा था एवं मीटर में अतिरिक्त रजिस्टेंस मौजूद मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। इसके अलावा पन्ना लाल रोड पर घरेलू कलेक्शन पर भवन का निर्माण कराया जा रहा था। संबंधित अधिकारी ने विद्युत अधिनियम धारा 135 के तहत प्राथमिक दर्ज कराया है। साथ ही 13 लोगों ने एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के तहत पंजीकृत कराया और अधिकारियों के निर्देश पर लगभग छह लाख 87 हजार रूपए बिजली बिल भुगतान न मिलने पर 23 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन कर्मचारियों ने काट दिए। दिन भर कार्रवाई चलने से बिजली चोरों में हड़कंप मचा रहा।

## अनुवां-चनेथू मार्ग पर चलना जरा संभल कर

**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र की दर्जनों सड़कें इन दिनो जीर्ण शीर्ण हो गई है ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों के बार बार प्रार्थना पत्र देने के बावजूद जनप्रतिनिधि या विभागीय अधिकारी, लोकनिर्माण, ग्रामीण अभियंत्रण, मंडी समिति विभाग से पूर्व मंत्री श्याम सूरत उपाध्याय द्वारा बनवाई गई विभिन्न सड़कों की मरम्मत हेतु वर्षो से कोई ध्यान नही दे रहा है। जिसके कारण सड़क पर आवागमन करने वाले आम नागरिकों छात्रों वकीलों व्यापारीकरण एवं अन्य मुसाफिरों मे आक्रोश है क्योंकि ग्रामीणों की सुनने वाला कोई नजर नही आ रहा है। रधईपुर महरछा से पयागपुर कुंदौरा धाम जाने वाली सड़क एवं क्षेत्र की अन्य जर्जर हो चुकी सड़कों मे अनुवां-चनेथू महरछा, चंपापुर-हरीपुरपट्टी जलालपुर, अनुवां-राचनपुर, चंपापुर-बघेड़ी सरजूपट्टी, महरछा-जंघई आदि सड़कें पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो चुकी है लेकिन इनका नवीनीकरण या मरम्मत न होने से सभी आक्रोशित है। मिनटों का सफर घंटों मे तय करना पड़ रहा है। इन सड़को पर रात दिन आवागमन होने के बावजूद करीब बीस वर्षो से इनकी मरम्मत नही हुई है। प्रतिदिन दुर्घटनायें होती रहती है दो जिलों को जोड़ने वाली सड़को की भी मरम्मत नही हो रही है। जिससे क्षेत्रवासी आक्रोशित व निराश है कि किससे गुहार लगाए कोई सुनने वाला नही।

### मामूली बात को लेकर महिला को मारा पीटा गया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मलखानपुर निवासनीय रेशमा बानों पत्नी वाजिद अली का आरोप है कि मामूली बात को लेकर पडोसी उसे मारे पीटे। घायल रेशमा बानों ने मऊआइमा थाने में रज्जब अली और उनके पुत्र नाटा के खिलाफ मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## फूलपुर में गोमांस के साथ तीन गिरफ्तार

**फूलपुर।** जिले में अपराध की घटनाओं के रोकथाम के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को फूलपुर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस ने छापेमारी करके एक कुंतल गोमांस के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज कर लिया। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सोमवार को फूलपुर पुलिस विभिन्न क्षेत्रों में अपराधों की रोकथाम के लिए गस्त कर रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि फूलपुर कस्बे में कुछ लोग गोकसी कर गोमांस बेंच रहे हैं। सूचना मिलते ही कस्बा चौकी इंचार्ज अरविंद कुशवाहा ने मय फोर्स मौके पर पहुंचकर मो० उमर 35, नाजिम पुत्र मो० नसीम कुरैशी 19, सेबू पुत्र जलील कुरैशी 26 निवासीगण जमीलाबाद कस्बा फूलपुर को गौमांस के साथ गिरफ्तार कर लिया। फूलपुर पुलिस ने उपरोक्त अभियुक्तों पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

## नहर टूटी, दो सौ बीघे की फसल जलमग्न, किसानों में खलबली

**घूरपुर।** क्षेत्र के नैनी राजबहा से भीटा चितौरी के लिए निकली भीटा माइनर सोमवार की देर रात अचानक टूट गई । जिससे किसानों की दो सौ बीघे से ज्यादा की सब्जी व अन्य फसलें पानी से लबालब हो गई। सुबह किसानों को सूचना हुई तो खलबली मच गई। किसान अपने अपने खेतों में पहुंचे और भरे पानी को निकालने में जुट गए।

नैनी राजबहा से टिकरी तालुका गांव के सामने से एक छोटी माइनर भीटा, चितौरी, अमरेहा, मनकवार, भैदपुर आदि गांवों के किसानों के फसलों की सिंचाई के लिए निकली है ।विगत एक माह पूर्व से नहर की सफाई के कारण नहरों में पानी बंद किया गया था। सोमवार की रात अचानक उक्त नहर में पानी छोड़ा गया । इस समय नहरों की सभी सिंचाई के साइफन बंद थे । जिससे नहर ओवर लोड हो गई और भीटा व चितौरी गांव के मध्य टूट गई । जिससे किसानों की दो सौ बीघे से ज्यादा फसल जलमग्न हो गई । मंगलवार की सुबह किसानों की नींद खुली तो नहर टूटने की सूचना मिली ।किसान अपने अपने खेत में भरे पानी को निकालने में जुट गए ।



नहर टूटने से जलमग्न फसलें

### अधिकांश सब्जी की फसल डूबी

नहर टूटने से गेंहू, सरसों आदि की फसलें तो डूबी ही सबसे ज्यादा नुकसान सब्जी की खेती करने वालो किसानों को हुआ। टमाटर, बैगन, पालक, मूली चुकंदर और आलू की फसलें जलमग्न हो गई ।

## हंडिया मानस हाल परिसर में हुआ अधिवक्ता सम्मान समारोह

**हंडिया।** कस्बा स्थित मानस हाल सभागार में आज समाजसेवी गुलाब त्रिपाठी के द्वारा मंगलवार को अधिवक्ता सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्राधिकारी हंडिया अवधेश नारायण शुक्ला और विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार हंडिया रामप्रकाश तिवारी रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजक गुलाब त्रिपाठी ने कहा कि अधिवक्ता समाज का सजग प्रहरी होता है। जब सभी दरवाजे बंद हो जाते है तो सिर्फ अधिवक्ता ही अंतिम विकल्प होता है। इस मौके पर हंडिया बार एसोसिएशन के बार अध्यक्ष सहित हजारों संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। सभी अधिवक्ता को समाजसेवी गुलाब त्रिपाठी और उनके पुत्र धवल त्रिपाठी ने डायरी- कलम देकर सभी अधिवक्ताओं को सम्मानित किया।



मुख्य अतिथि को डायरी कलम देकर सम्मानित करते गुलाब त्रिपाठी

## सीएचसी जसरा में फोटो खींच रहे व्यक्ति को महिलाओं ने दौड़ाकर पीटा

**जसरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा में महिला वार्ड में अस्त व्यस्त महिलाओं की फोटो खींच रहे व्यक्ति को महिलाएं,आशा एवं एएनएम ने रोका । फोटो खींच रहा व्यक्ति अपने को पत्रकार बताते हुए फोटो खींचना जारी रखा। जिस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम व आशा बहुओं ने फोटो खींच रहे व्यक्ति में जमकर मारपीट हुआ। उपस्थित महिलाओं ने कार्य का बहिष्कार करते हुए गौहनिया चौकीइंचार्ज को लिखित तहरीर दिया है।

जसरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय परिवार कल्याण का नसबंदी कैंप चल रहा है । जिसमें आशा व एएनएम द्वारा महिलाओं को नसबंदी के लिए प्रेरित करके अस्पताल लाया जाता है तथा कैंप में महिलाओं का महिला डॉक्टरों द्वारा नसबंदी व महिला स्वास्थ्य संबंधित विशेष इलाज किया जा रहा है। आज मंगलवार को दोपहर बाद एक नौजवान महिलाओं के वार्ड में घुसा। नसबंदी के बाद अस्त-व्यस्त वस्त्रों में लेटी महिलाओं का फोटोग्राफ करने लगा । जब महिलाओं ने उन्हें रोका तो अपने को चैनल संबंधित पत्रकार बताते हुए वीडियो बनाने लगे। इस पर वार्ड की महिलाओं ने आशा व एएनएम को बुलाया । उन्होंने भी फोटो खींचने से मना किया और कहा कि पहले सीएचसी के अधीक्षक से अनुमति ले लीजिए। इस पर देखते ही देखते महिलाओं व उक्त युवक में विवाद बढ़ता गया । जो धीरे-धीरे केंद्र से निकल करके सड़क पर हाथापाई के रूप में भी बदल गया। जिसके बाद एएनएम व आशाओं ने नसबंदी का काम ठप कर दिया । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ०तरुण पाठक ने घूरपुर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर गौहनिया चौकी इंचार्ज एस०पी० सिंह ने पहुंचकर एएनएम व आशाओं से बातचीत करते हुए लिखित तहरीर लिया तथा कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जा करके एएनएम व आशा आदि अपने काम पर लौटीं। काफी देर तक राष्ट्रीय परिवार कल्याण का शिविर भी बाधित रहा। आशाओं ने आरोप लगाया है कि अक्सर स्वास्थ्य केंद्र में महिला वार्ड के अंदर घुस करके बाहरी लोगों द्वारा ऊल जुलूल हरकत किया जाता है।




गौहनिया चौकी इंचार्ज को तहरीर देते सीएचसी अधीक्षक

# प्रयागराज हलचल

प्रयागराज बुधवार, 30 दिसम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### छात्राओं कों कला कें माध्यम से आत्मनिर्भर बना रहीं सुश्री श्रेया शुक्ला

**करमा ।** देश कों आर्थिक एवम सामाजिक एवम राजनैतिक दृष्टि से मजबूत बनाने कें लिए बेटियों कों समान शिक्षा एवम अवसर प्रदान करनें की अति आवश्यकता हैं क्योंकि जब पढ़ेंगी बेटियाँ तभी बढ़ेंगी बेटियाँ । दुनियाँ में विकसित देशों कें सामनें हम तभी खड़े हों पाएंगे जब हम देश की बेटियों कों आर्थिक सशक्तिकरण कें रूप भी मजबूत करेंगे आर्थिक सशक्तिकरण का सामान्य आशय महिलाओं कों आर्थिक रूप से सशक्त एवम शक्तिशाली बनाना यदि देश की अधिकांश महिलाओं आर्थिक रूप से सशक्त हों जाएंगी , तों उनकी सरकारी कार्यक्रमों तक पहुँच बढ़ेगी जिससे कि महिलाएं भी पुरूषों की तरह धनोपार्जन कर सकती हैं इस तरह वें एक सफल व्यक्ति बन सकती हैं उक्त ओजस्वी बातें जार्जटाउन की श्रेया शुक्ला पर लागू होती हैं । सुश्री शुक्ला कों शुरूआती दिनों से ही कला कें क्षेत्र में विशेष रुचि थी देश कें विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में से वह विभिन्न प्रकार की डिग्रियों कों लेनें कें पश्चात इन दिनों वह विभिन्न कालेजों की बेटियों कों वाटर कलर कें माध्यम से विभिन्न प्रकार की चित्रकारी का निःशुल्क प्रशिक्षण भी दें रहीं हैं।

## उप मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर तैयारियों का लिया जायजा



मेला क्षेत्र का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लेते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य



संगम तट पर साइबेरियन पंक्षियों को दाना खिलाते उपमुख्यमंत्री

**सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को समय से कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश**

**प्रयागराज।** मा0 उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को मेला क्षेत्र का भ्रमण कर मेले की तैयारियों का जायजा लिया। मा0 उप मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम संगम नोज पर जाकर मां गंगा का आचमन करते हुए मां गंगा से मेले के सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न होने की कामना की। उन्होंने मेले में कोविड-19 के प्रोटोकॉल के अनुपालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाये। मेले को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यस्थायें एवं कार्यवाही समय से सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधित विभागों के अधिमकारियों को निर्देशित किया है। मा0 उप मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र में पाण्टुन पुलों के निर्माण कार्य, विद्युत, पानी, सड़कों पर चकर्ड प्लेट बिछाने सहित अन्य कार्यों को समय से पूरा करने के लिए कहा है। उन्होंने घाटों के बनाये जाने के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराने के लिए कहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से पानी में बैरीकेटिंग कराये जाने के लिए कहा है, जिससे की कोई भी गहरे पानी में न जाये। निरीक्षण के बाद मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने अक्षयवट एवं बड़े हनुमान जी के दर्शन भी किये।

## मा0 मुख्यमंत्री के लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण





वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा मुख्यमंत्री को सुनते अधिकारी व लाभार्थीगण

**प्रयागराज।** मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पूरे प्रदेश में 21562 आवास लाभार्थिंयों को 87 करोड़ रुपए की प्रथम किस्त के रूप में डिजीटल तरीके से हस्तांतरित किया गया, जिसमें इस योजना के अन्तर्गत प्रयागराज के स्वीकृत 2386 लाभार्थिंयों में से 2149 लाभार्थिंयों के खाते में प्रथम किस्त प्रेषित हुई है। इस योजना के अन्तर्गत मुख्यधारा से वंचित तथा सबसे अंतिम पायदान पर स्थित आवास विहीन को आवास दिया गया है, जिसमें प्राकृतिक आपदा, कालाजार, जेई/एईएस एवं कुष्ठ रोग से प्रभावित तथा बनटागिया/मुसहर वर्ग के लाभार्थी सम्मिलित है। इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थी परिवारों को सौभाग्य योजना के अन्तर्गत निःशुल्क विधुत कनेक्शन एवं प्रधानामंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शसन, शौचालय एवं मनरेगा के अन्तर्गत रोजगार उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था है। वीडियों कांफ्रेंसिंग में मुख्य विकास अधिकारी-आशीष कुमार, पी0डी0 डी0आर0डी0ए0 के0के0 सिंह के साथ लाभार्थीगण मौजूद रहे।

## फूलपुर पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को पकड़ा

**फूलपुर।** उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बाबूगंज बाजार में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को पकड़ कर उनकी निशानदेही पर पांच दो पहिया वाहनों को बरामद कर लिया। पकड़े गए वाहन चोरों के खिलाफ पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अन्तर्गत बाबूगंज बाजार में मंगलवार को चौकी इंचार्ज इफको श्रवण कुमार मय फोर्स वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी दो संदिग्धों को देखकर पुलिस ने उनके वाहनों की पड़ताल की। पुछताछ पर अभियुक्तों ने अपना नाम ताज मोहम्मद उर्फ सलमान निवासी पडिला थाना थरवई, व मोनू धूरिया निवासी साहबगंज थरवई बताया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की होंडा एक्टिवा व हीरो स्पेंलडर सहित पांच दोपहिया वाहनों को जब्त कर लिया। पुलिस ने उनके खिलाफ सुसंगत धाराओ में पंजीकृत कर लिया।

## गंगापार में केशव ने दर्जनों विकास योजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण

**विकास के लिए हजारों करोड़ की लागत से बनेंगे पुल और रिंग रोड**

**कछारी असिंचित क्षेत्र को शीघ्र मिलेगी सिंचाई की बड़ी परियोजना !**



स्वागत के दौरान लोगों का अभिवादन करते उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**हनुमानगंज।** गंगापार के ककरा दुबावल स्थित ऋषि दुर्वासा आश्रम परिसर में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दर्जनों विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करते हुए कहा कि शीघ्र ही गंगा नदी पर पुल और गंगापार व जमुनापार को जोड़ने के लिए हजारों करोड़ की लागत से रिंग रोड बनाई जाएगी. कछार के असिंचित क्षेत्र को सिंचाई युक्त बनाने के लिए सिंचाई विभाग बड़ी परियोजनाओं का खाका तैयार कर रहा है गांव की सड़कें भी शहर की तर्ज पर बनेगी.

मंगलवार की दोपहर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ऋषि दुवार्सा आश्रम में चल रहे विष्णु महायज्ञ में भाग लेकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि कछार क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या व्यापक पैमाने पर पठारी असिंचित क्षेत्र है जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है समस्या से निजात दिलाने के लिए सिंचाई विभाग बड़ी परियोजना का खाका खींच रहा है प्रयागराज के समुचित विकास के लिए झूँसी के हेतापट्टी से होकर गंगा नदी पर पुल और छः हजार करोड़ की लागत से रिंग रोड बनाया जायेगा जिससे गंगापार और यमुनापार की दूरी को कम करने तथा रिंग रोड का अहम रोल होगा ।इसी के साथ जगतपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर व्रिज का निर्माण होगा श्री केशव ने आगे कहा कि विपक्षी दल मोदी विरोधी कार्य में लगे हैं सपा, बसपा और कांग्रेस किसानों को गुमराह करते हुए उनके कंधे पर बंदूक रखकर वार कर रहे हैं। किसान और आम जनता इस बात को अच्छी तरह समझ रही है वह इनके बहकावे में आने वाले नहीं है केंद्र और प्रदेश की सरकारें कभी भी जनहित विरोधी कार्य नहीं करेंगी। उन्हो ने यह भी कहा कि राहुल बाबा खरीफ और रबी के फसलों के बारे में अंतर नहीं जानते चले हैं किसानों का हितैसी बनने इस अवसर पर फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल ने कहा कि क्षेत्र की एक और सबसे बड़ी समस्या बाढ़ प्रभावित 50 गांव है, केंद्रीय जल रक्षा मंत्री से बांध की मांग की गई है उम्मीद है कि शीघ्र ही समस्या से मुक्ति मिलेगी फूलपुर विधायक प्रवीण सिंह पटेल ने कहा कि क्षेत्र की अन्य समस्याओं से केशव जी को अवगत कराया गया है उन समस्याओं के समाधान के लिए उपमुख्यमंत्री प्रयास करते रहेंगे। गंगापार भाजपा जिलाध्यक्ष अश्वनी दुबे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री जीत लाल त्रिपाठी तथा अर्चना त्रिपाठी ने किया। जिला कोषाध्यक्ष आशीष केसरवानी तथा लक्ष्मीकांत स्वर्णकार ने चाँदी का मुकुट पहनाकर उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान फाफामऊ के विधायक विक्रमाजीत मौर्य, पूर्व विधायक स्वामी प्रसाद मौर्य, पूर्व विधायक दीपक पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, अवधेश चन्द्र गुप्ता, ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर अरुणेन्द्र यादव, कुलदीप पांण्डेय, आत्माधर दुबे अमित मिश्रा, प्रभात कुमार पांण्डेय शिवशंकर तिवारी, धनन्जय मिश्रा संजय मिश्र बनकटा, मनोज निषाद, लौकुश पंडित, सहित बडी. संख्या में लोग मौजूद रहे।

## अगले वर्ष शुरू होगी 15 हजार शिक्षकों की भर्ती

**प्रयागराज।** प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में प्रशिक्षित स्नातक (टीजीटी) और प्रवक्ता (पीजीटी) के 15 हजार से अधिक पदों पर संशोधित विज्ञापन अगले साल ही आ सकेगा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड ने 31 दिसंबर तक संशोधित विज्ञापन जारी करने की बात कही थी लेकिन तकनीकी अड़चन के कारण देरी हो रही है।

सूत्रों के अनुसार जनवरी के दूसरे या तीसरे सप्ताह में दोबारा ऑनलाइन आवेदन शुरू हो सकते हैं। 18 नवंबर को हुई बैठक में तदर्थ शिक्षक एवं फ्रेश अभ्यर्थियों के लिए अंक देने के दो भिन्न-भिन्न मापदंड होने और जीव विज्ञान विषय सम्मिलित नहीं होने के कारण चयन बोर्ड ने 29 अक्तूबर को शिक्षकों के 15508 पदों के लिए जारी विज्ञापन निरस्त कर दिया था।

उसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षकों से जीव विज्ञान विषय का अधियाचन अलग से 8 से 15 दिसंबर तक मांगा था। नये विज्ञापन में पद बढ़ने की भी उम्मीद है।

### छह महीने में भर्ती करना चुनौती

टीजीटी-पीजीटी 2020 के 15 हजार से अधिक पदों की नियुक्ति प्रक्रिया छह महीने में पूरी करना चयन बोर्ड के लिए चुनौती होगी। सुप्रीम कोर्ट ने संजय सिंह के मामले में जुलाई 2021 से पहले खाली पदों पर भर्ती पूरी करने के निर्देश दिए हैं। चयन बोर्ड को पहले आवेदन लेने से लेकर परीक्षा कराने तक का समय लगता था। बहुत जल्दी करने पर भी छह महीने में परिणाम घोषित करना आसान नहीं होगा। संशोधित विज्ञापन जारी करने में जितनी देरी होगी चुनौती उतनी ही अधिक होगी। अगर कोई विधिक अड़चन पैदा होती है तो अधिक देरी हो सकती है।

## जलकल विभाग के महाप्रबंधक पर जानलेवा हमला करने वालों के खिलाफ लगेगा गैंगस्टर

**प्रयागराज।** जलकल विभाग के महाप्रबंधक हरिश्चंद्र वाल्मीकि पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों के खिलाफ पुलिस गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करेगी। इस मामले में पार्षद विनोद सोनकर समेत पांचों आरोपियों को खुल्दाबाद पुलिस ने जेल भेज दिया। अब फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। आपको बताते चलें कि जलकल के महाप्रबंधक हरिश्चंद्र वाल्मीकि ने तीन नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ खुल्दाबाद थाने में जानलेवा हमला करने की एफआईआर दर्ज कराई थी। इस मामले की जांच के बाद पुलिस ने अनूप श्रीवास्तव, तुफैल अहमद, गुड्डू विश्वकर्मा, अजय हेला और पार्षद विनोद सोनकर को रविवार को गिरफ्तार किया। आरोपियों में पार्षद विनोद सोनकर खुल्दाबाद थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ 22 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं फरार दिलीप के खिलाफ भी कई मामले दर्ज हैं। एसपी सिटी दिनेश सिंह ने बताया कि महाप्रबंधक पर हमले के सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी। गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस यह भी पता लगाएगी कि आरोपियों ने अवैध रूप से संपत्तियां अर्जित तो नहीं की हैं।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## रीवो/कोर ने जरूरतमन्दों को वितरित किया कम्बल



जरूरतमंदों को कंबल वितरित करतीं अध्यक्षा श्रीमती रचना सिंह व उपस्थित संगठन की सदस्य

**प्रयागराज।** रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन/कोर/ प्रयागराज की अध्यक्षा श्रीमती रचना सिंह द्वारा मंगलवार को सुबह 11.00 बजे से रेल विद्युतीकरण अधिकारी क्लब सिविल लाइन्स प्रयागराज में 70 जरूरतमन्द व्यक्तियों को कम्बल वितरण किया गया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा श्रीमती रचना सिंहए सचिव श्रीमती रेनू गौतमए कोषाध्यक्षा श्रीमती निधी गुप्ता, संयुक्त सचिव श्रीमती श्वेता सिंह, सहित संगठन की अन्य सदस्याएं श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव, श्रीमती चंचला, श्रीमती चित्रा सिंह, श्रीमती अनू शर्मा, श्रीमती सुषमा नायक, श्रीमती सारिका उपस्थित थीं।

## नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा संपन्न हुआ जिला युवा संसद कार्यक्रम

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज ने वर्चुअल माध्यम से जिला स्तरीय युवा संसद उत्सव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रयागराज के साथ साथ कुल 4 अन्य जिलों कानपुर नगर, औरैया, ललितपुर तथा कासगंज के नेहरू युवा केंद्र ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का आयोजन माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के "मन की बात" में रखे गए विचारों को जमीनीस्तर पर क्रियान्वित करने हेतु पहले चरण के तौर पर किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन जिले की जिला युवा अधिकारी जागृति पांडेय के निर्देशन में केंद्र के कर्मचारियों तथा स्वयं सेवकों की टीम द्वारा आयोजित किया गया। प्रत्येक जिले से राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतिभागियों ने भी संसद में भाग लिया।कार्यक्रम का लाइव प्रसारण नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज के ऑफिशियल टाइमलाइन पर भी किया गया। जूरी सदस्यों ने निष्पक्ष रूप से निर्धारित मापदंडों पर इस वर्चुअल संसद के सभी प्रतिभागियों को अंक प्रदान किए। जूरी सदस्य डॉ चन्द्रशेखर प्राण, डॉ अशोक पाण्डेय, डॉ मंजू सिंह , जिला प्रतिनिधि श्री अश्वनी जैन, प्रसिद्ध कवि श्री बिहारी लाल अम्बर रहे। जूरी सदस्यों ने प्रत्येक जिले से 2 विजेताओं को घोषित किया जो अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 1 जवारी से 5 जनवरी को बीच प्रतिभाग करेंगे तथा राज्य के विजेता ,नई दिल्ली स्थित संसद के सेंट्रल हॉल में युवा संसद में प्रतिभाग कर विजेता की स्थिति में पुरस्कार राशि भी पाएंगे। कानपुर से मुदिता मिश्रा, निहारिका शुक्ला तथा औरैया से प्रभास शाक्य, एकांश तथा कासगंज से आर्यन, विकास चौहान तथा प्रयागराज से निर्मल कांत पाण्डेय, अदिति तथा ललितपुर से विकास साहू, अमित कुमार क्रमशः विजेता तथा उपविजेता रहे। जिला युवा अधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने अपनी बातो को निर्धारित विषयो पर बहुत बारीकी, शालीनता से रखा, निश्चित तौर पर यह प्रतिभागी एवम उनकी सोच, लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे । हमे देश में ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को एक निश्चित दिशा और दशा प्रदान करने की आवश्यकता है। वक्त है अच्छे नेतृत्वकर्ताओ को आगे बढ़कर नए भारत का निर्माण में सहयोग करने का। कार्यक्रम आयोजन में मुख्य सहयोगी नेहरू युवा केंद्र बहराइच की ऊजार्वान जिला युवा अधिकारी अनन्या सिंह, नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज के लेखाकार एवम कार्यक्रम सहायक अदनान उल्ला खान , जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह व सक्रिय स्वयं सेवक पवनेश, नेहा, अमित ,आशीष, सचिन,अभय,धीरेन्द्र इत्यादि रहे।

# प्रतापगढ़–कौशाम्बी



## संक्षेप समाचार

### चरवा थाना के बिगड़ैल दरोगा को दिखाया लाइन का रास्ता

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के उदाथू गढवा गांव की दलित महिला रेखा देवी पर बड़ी बेरहमी से उप निरीक्षक और सिपाहियों ने कई लाठियां बरसाई थी मामले में महिला पर दबाव बनाने के लिए पुलिस ने झूठी कहानी गढ़ कर महिला और उसके परिजनों पर रिवाल्वर छीनने का प्रयास का फर्जी मुकदमा भी दर्ज कर दिया चरवा पुलिस बेलगाम हो गई है और मनमानी कर आम जनता का उत्पीड़न कर रही है पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायती पत्र देकर दरोगा व सिपाही का नाम भी बताया जिसमे बिगड़ैल दरोगा को पुलिस अधीक्षक ने लाइन का रास्ता दिखा दिया लेकिन उसी अपराध में सिपाही को आखिर क्यो लाइन का रास्ता नहीं दिखाया जा रहा है बिगड़ैल सिपाही के गुनाह को क्यों माफ किया जा रहा है आखिर एस पी साहब क्यों सिपाही के ऊपर नजर नहीं टेढ़ी कर रहे हैं महिला को लाठियों से पीटने के बाद दरोगा के निलंबित हो जाने के बाद सिपाही पर कार्यवाही ना होने के चलते इस समय देवेन्द्र सिपाही सुर्खियों में आ चुके हैं और यह सिपाही इस समय इतना ज्यादा चरवा थाने में दलाली करने में माहिर हैं। अगर एस पी साहब ने दरोगा को लाइन का रास्ता दिखाया हैं तो सिपाही को क्यो छोड़ दिया है। अलग दंड लोगों के बीच चर्चा का विषय है।

# छात्र की गला दबाकर हत्या से सनसनी, जांच मे जुटी पुलिस

## शौच के लिए खेत गए इंटर के छात्र की हत्या, अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर शव झाड़ी में फेंका


मृतक छात्र

**प्रतापगढ़।** छात्र की गला काट कर हत्या से क्षेत्र में मची सनसनी सौच किरिया के लिए घर से निकला था इंटर का छात्र अज्ञात बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम हत्या कर झाड़ियों में फेंका शव। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हत्या से इलाके में दहशत का माहौल मामला फतनपुर थाना क्षेत्र के पूरे खरगराय गांव की घटना। फतनपुर थाना क्षेत्र के पूरे खरगराय गांव निवासी विनोद कुमार यादव 17 वर्ष पुत्र बृजलाल यादव कल कोचिंग से घर आया और शौच किरिया के लिए घर से करीब 7 बजे के आसपास घर के पास प्राइमरी प्राथमिक विद्यालय की तरफ गया था, वहां से वापस न लौटने पर परिजन खोजबीन करना शुरू कर दिए लेकिन उसका कहीं अता पता नहीं चल सका था खोजते खोजते परिजन 2 बजे के आसपास प्राथमिक विद्यालय के पास झाड़ियों में युवक का गला काटा और खून से लथपथ देखा तो परिजनों के होश उड़ गए। परिजन आनन-फानन में उसे गौरा सीएचसी ले गए जहां पर इलाज के उपरांत डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया वहीं पर बताते चलें कि फतनपुर थाना इंचार्ज गणेश प्रसाद चैकी इंचार्ज श्याम सुंदर गिरी मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया परिजनों द्वारा तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## महीने भर से लापता युवक का कुंए में मिला शव , हत्या की आशंका

**प्रतापगढ़।** महीने भर पहले घर से लापता युवक का शव गांव के करीब स्थित कुंए में बोरे में भरकर फेंका गया था। कुंए से उठ रही बदबू को देखने के लिए बच्चे गए तो शव दिखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बोरे को बाहर निकलवाया। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतक की भयाहू को हिरासत में लिया है।सांगीपुर थानाक्षेत्र के सुरुआ निवासी शेष नारायण यादव (35) पुत्र रामकुमार महीने भर पहले अचानक घर से लापता हो गया। शेष नारायण का अपने छोटे भाई राजकरन से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। उसके लापता होने की न तो गुमशुदगी दर्ज कराई गई और न ही खोजबीन की गई। सोमवार की शाम ट्यूशन पढ़कर बच्चे लौट रहे थे। गांव से 300 मीटर दूर स्थित कुंए से बदबू आने पर बच्चे उस तरफ बढ़ गई। भीतर देखे तो एक बोरा पानी में उतरा रहा था। बच्चों को देख गांव के कुछ लोग भी पहुंचे और पुलिस को मामले की सूचना दी। कुछ देर में पहुंची पुलिस ने कुंए से बोरे को बाहर निकलवाया। बोरा खोला गया तो उसमें शेष नारायण यादव का शव मिला। यह देख गांव के लोगों के साथ पुलिस भी चैंक गई। पुलिस के मुताबिक शव चार से पांच दिन पहले का है। उसकी गला दबाकर हत्या करने के बाद कुएं में शव फेंका गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मामले में शेष नारायण की भयाहू उर्मिला को पुलिस ने शक के आधार पर हिरासत में लिया है। इस संबंध में पूछे जाने पर सांगीपुर एसओ सतीश कुमार ने बताया कि युवक की हत्या कर शव बोरे में भरकर कुंए में फेंका गया था। शव को कब्जे में लेकर एक महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।दो बीघे जमीन को लेकर भाई से था विवाद।शेषनारायण की शादी नहीं हुई थी जबकि उसके छोटे भाई राजकरन के दो बच्चे हैं। शेषनारायण के पिता रामकुमार के पास दो बीघे पैतृक जमीन थी। राजकरन की पत्नी उर्मिला ने रामकुमार पर दबाव बनाकर दो बीघे जमीन की वसीयत अपने नाम लिखा ली था। राजकरन व उर्मिला उसे घर में भी नहीं रहने दे रहे थे। इसे लेकर शेषनारायण ने सांगीपुर पुलिस से महीने भर पहले शिकायत भी की थी। बताया जाता है कि पुलिस ने मामले में कार्रवाई भी नहीं की। शेषनारायण का शव मिलने के बाद ग्रामीण उसकी हत्या जमीन के विवाद में होने की करने लगे। दूसरी तर फ यह भी चर्चा हो रही थी कि जिस दिन उर्मिला ने वसीयत लिखवाई थी उसी रात उसके ससुर रामकुमार की भी संदिग्ध मौत हो गई थी। इसके चार महीने बाद उर्मिला की सास की भी संदिग्ध मौत हुई। अब शेषनारायण ही अकेला था जो जमीन पर कब्जे के लिए परेशान था। करीब 10 दिन पहले शेषनारायण का छोटा भाई राजकरन इंदौल चला गया। घर पर उसकी पत्नी व दो बचे थे। अब शेष नारायण का शव मिलने के बाद लोग जमीन के विवाद में हत्या होने की बात कह रहे थे। इसी के आधार पर पुलिस ने उर्मिला को हिरासत में लिया है।


झींगुर में कोटे का निरीक्षण करते जिलापूर्ति निरिक्षक

## झींगुर में विपणन विभाग द्वारा कोटे का किया गया निरिक्षण

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोटे के निरिक्षण के आधार पर झींगुर प्रथम से किशोरी लाल सरोज के कोटे के निरिक्षण किया गया। इस दौरान उनके कोटे के पॉश मशीन का निरिक्षण किया गया।और उसके आधार पर जिला पूर्ति निरिक्षक द्वारा जाँच करने पर सब कुछ सही पाया गया।इस दौरान उन्होंने कुछ लाभार्थियो से भी पूछ ताछ की जिस आधार पर भी कोटे की वितरण प्रणाली एकदम ठीक पाई गई।इसी क्रम में झींगुर द्वितीय के कोटेदार प्रेम शंकर पांडेय के कोटे के निरिक्षण किया जिसमे भी कोई खामिया नही पायी गयी। उनके कोई के लाभार्थियो द्वारा पूछताछ के दौरान भी कोई शिकायत नही आई । जिलापूर्ति निरिक्षक प्रतापगढ़ के इस औचक निरीक्षण के कारण सबकोई भौचक रह गए। बतादे की कोटे के वितरण का कार्यक्रम महीने की 18 तारिख से लेकर महीने की आखिरी तारिख तक चलता है।

# धारदार हथियार से वार कर अधेड़ की हत्या

## सराय अकिल थाना क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर दो हत्याकांड की घटना से दहले इलाके के ग्रामीण



**सराय अकिल कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहोरवा में धारदार हथियार से वार कर एक अधेड़ को मौत के घाट उतार दिया गया है घटना आधी रात की है अधेड़ की हत्या की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई है मामले की सूचना पाते ही सराय अकिल पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई है सोमवार को दिनदहाड़े उस्मानपुर में रवि शंकर दुबे की हत्या की घटना को लोग भूल भी नहीं पाए थे कि थाना क्षेत्र में दूसरी हत्या हो गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटनाक्रम के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के ग्राम सिहोरवा निवासी तवरेज अहमद पुत्र निसार उम्र लगभग 52 वर्ष बीती रात अपने घर से सटे हुए कच्चा मकान में सो रहे थे।उन्ही के बगल में कुछ दूरी पर एक बृद्ध व्यक्ति भी सो रहा था।28/29 की आधी रात को हमलावरो ने तवरेज अहमद के सिर पर लगातार वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया है हत्या के बाद हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए हैं अधेड़ की मौत के बाद बगल में सो रहे वृद्ध खुददु ने हो हल्ला मचाया जिस पर मृतक के परिजन समेत ग्रामीण जाग जाए और हत्या की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई अधेड़ की हत्या करने के बाद हमलावर फरार हो गए। जब ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे तो खून से लथपथ अधेड़ की लाश पड़ी थी ग्रामीणों ने मामले की जानकारी सराय अकिल थाना पुलिस को दिया। मौके पर कोतवाली प्रभारी मय फोर्स घटनास्थल पर पहुँचे और मौका मुआयना किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। 24 घंटे के भीतर सराय अकिल थाना क्षेत्र में दो लोगों की हत्या किए जाने से गांव के लोग दहशत में हैं अधेड़ के बगल में सो रहे वृद्ध का कहना है कि उसने हत्यारों को पहचाना नहीं है यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही है।

### उलाहना से आजिज युवक ने कर दी महिला की हत्या

**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के पथरावा गांव के बाहर खेत में एक महिला की नग्न लाश पुवाल के ढेर में ढकी 28 दिसंबर को सुबह मिली थी जिसकी शिनाख्त घटनास्थल पर नहीं हो सकी थी काफी प्रयास के बाद पुलिस ने मृतक महिला की पहचान कलावती उम्र 25 वर्ष पत्नी सुगगन निवासी हकीमपुर थाना करारी के रूप में की है पुलिस के मुताबिक मृतक की बेटी ने उसकी पहचान की है लेकिन परिजनों ने महिला की पहचान नहीं की। पुलिस के मुताबिक महिला का मायका पिपरी थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव में है और महिला की शादी 5 वर्षों पूर्व बल्लू कनौजिया पुत्र गया प्रसाद निवासी बड़ी धन्नी थाना कोखराज ने करारी थाना क्षेत्र के हकीमपुर के रहने वाले सुगगन के साथ कराया था पुलिस के मुताबिक रोजी-रोटी के चक्कर में महिला का पति सुगगन पुणे में रहता है घर में कलावती सास ससुर के साथ रहती है लेकिन महिला आए दिन घर से गायब हो जाती है और कई कई दिन घर से वह गायब रहती थी जिसको लेकर पति और सास-ससुर से महिला का अक्सर झगड़ा होता है और इस बात का उलाहना बल्लू कनौजिया को भी कलावती के साथ ससुर पति दिया करते थे महिला के शादी कराने के चलते बल्लू कनौजिया को ससुराली जन दोषी मानते थे पुलिस के मुताबिक 24 दिसंबर को कलावती घर से एक कार्यक्रम में जाने के लिए निकली थी उसके बाद महिला घर नहीं पहुँची। पुलिस के मुताबिक 24 दिसंबर को बल्लू महिला से मिला और उसे अपने घर बड़ी धन्नी लेकर चला गया और 3 दिनों तक महिला बल्लू के घर पर रही पुलिस के खुलासे के मुताबिक कलावती के ससुराली जनों के उलाहना से बल्लू चौरसिया आजिज आ चुका था और उसने मौका मिलते ही कलावती को उसके घर छोड़ने के बहाने बाइक से पथरावा गांव लेकर पहुंचा और उसने दारू पीकर महिला की गला दबाकर हत्या कर दी फिर सबूत मिटाने के लिए महिला के सिर और चेहरे को पत्थर से कुचल दिया है नग्न महिला की लाश के बाबत पुलिस का कहना है कि बल्लू और महिला के बीच घटनास्थल पर झगड़ा हुआ झगड़ा के चलते महिला के कपड़े उतर गए हैं अज्ञात महिला की नग्न लाश का कुछ इस तरह कौशांबी पुलिस ने खुलासा कर हत्यारोपी बल्लू कनौजिया को जेल भेज दिया है।

# नोडल अधिकारी ने शिल्ट सफाई कार्य का लिया जायजा


नहर की सफाई का निरीक्षण करते नोडल अफसर

**कौशाम्बी।** प्रमुख सचिव, दुग्ध विकास, मत्स्य समन्वय तथा पशुधन एवं जनपद के लिए नामित नोडल अधिकारी भुवनेश कुमार ने मंगलवार को ओसा के पास करारी रजबर माइनर (नहर) के शिल्ट सफाई के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण में नोडल अधिकारी ने नहर में पानी छोड़े जाने का निर्देश अधिशासी अभियंता नहर को दिया है। उन्होंने कहा कि नहरों में पानी रोस्टर के अनुसार छोड़ें जिससे किसान अपने फसल की सिंचाई समय से कर सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी श्री मनोज, अधिशासी अभियंता नहर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### शीतलाधाम कड़ा एवं संत मलूकदास आश्रम का किया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** नोडल अधिकारी भुवनेश कुमार मंगलवार को शीतलाधाम कड़ा एवं संत मलूकदास आश्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव ने साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने मन्दिर परिसर में साफ-सफाई को निरन्तर क्रियाशील बनाये रखने का निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि यहां पर आने वाले दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। फिर संत मलूकदास आश्रम में पहुंचकर आश्रम के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्रमुख सचिव ने मॉ शीतला माता का दर्शन एवं पूजा अर्चन भी किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह, सीडीओ शशिकांत त्रिपाठी, एडीएम श्री मनोज, एसडीएम सिराथू, खण्ड विकास अधिकारी कड़ा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पच्चीस हजार के इनामी शिक्षक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**प्रतापगढ़।** चार माह से फरार चल रहे पच्चीस हजार रुपये के इनामी शिक्षक को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के भुसहर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपित के पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। इससे पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर मंगलवार को उसे जेल भेज दिया।पट्टी थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह ने सोमवार को एसआई धर्मेंद्र सिंह भुसहर नहर पुलिया के पास से आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के दलापुर के पच्चीस हजार रुपये के इनामी शोभनाथ यादव को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास 315 बोर का एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि 6 अगस्त 2020 को क्षेत्र के मुजाही में एक युवक पर जान से मारने की नियत से फायर झोंकने, घर में घुसकर तोड़फोड़ व धमकी देने के आरोप में आसपुर देवसरा के बिनैका निवासी डेढ़ लाख के इनामी सभापति यादव समेत 28 नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उसके बाद से शोभनाथ लगातार फरार चल रहा था। इससे उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक है आरोपी। दलापुर का आरोपी शोभनाथ यादव उच्च प्राथमिक विद्यालय धनेपुर में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत है।

# विद्युत विभाग की उदासीनता से गाय समेत चार गोवंश की मौत


खेतमें विद्युत विभाग की एचटी लाइन के तार टूटने से मृत अवस्था में पड़ीं गाएं

**प्रतापगढ़।** एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री लगे हैं गोवंश के संरक्षण में तो वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग की लापरवाही ने लेली निरीह पशुओं की जान,खेत में एचटी लाइन के टूटकर गिरे हुए तार की चपेट में आने से एक गाय व चार बछड़े की हुई मौत,युवा एंटी आगेनाईजेशन के जिला अध्यक्ष पवन तिवारी, ने जेई को फोन कर मामले की दी सूचना।सूचना के उपरांत जेई ने तार में प्रवाहित विद्युत धारा को कटवाया,हालांकि तब तक निकल चुकी थी गाय और बछड़े की जान।क्या विद्युत विभाग किसी बड़ी घटना घटित होने का कर रहा इंतजार,उक्त मामला पट्टी अमरगढ़ के सदहा पावर के अंतर्गत उदय शाहपुर ग्रामसभा के पास का है।प्रतापगढ़ जिले के पट्टी तहसील के अंतर्गत सदाहां पावर हाउस का मामला है जहां पर उदय शाहपुर ग्राम सभा में पेट्रोल टंकी के बिल्कुल सामने खेत में टूटे तार की वजह से पांच जानवरों की जान चली गई जिसकी सूचना युवा एंटी करप्शन ऑर्गेनाईजेशन टीम के जिला अध्यक्ष पवन कुमार के द्वारा पावर हाउस जेई को दी गई। सुचना के तुरंत लाइट को कटवाया पर तब तक सारे गाय और बछड़े की जान निकल चुकी थी विद्युत विभाग को बार-बार सूचना दी जा रही है कि जर्जर तारों को सुधार कराने की कृपा करें पर इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कई बार युवा एंटी करप्शन ऑर्गेनाईजेशन टीम के द्वारा भी सूचना दी गई सदाहा पावर हाउस और देवरा पावर हाउस को लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है हर जगह जर्जर तार लटक रही हैं। जो आप देख सकते हैं कहीं कहीं ऐसा भी है कि आप हाथ से जर्जर तारों को टच कर सकते हैं प्रशासन की लापरवाही से कई बार ऐसा हुआ है जब मूकबधिर जानवरों की जान गई है अभी तक प्रशासन इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

### राष्ट्रीय चिकित्सक सम्मान से सम्मानित हुयी विधि कोहली

**प्रतापगढ़।** बेटियों की हिचकी संस्थान की सदस्य डेंटल विधि कोहली को चिकित्सकों के राष्ट्रीय संस्था पोषण एवं प्राकृतिक विज्ञान संघ ने नेशनल हेल्थ अवार्ड से सम्मानित किया गया। कोविड-19 के दौरान निरन्तर समाज में कार्यशील लगे रहने वाले डेंटल विधि कोहली ने कहा यह सम्मान मिलना उनके लिए बहुत आत्मविश्वास की बात है जिससे मानसिक तौर पर आत्मबल मिलेगा। इस भव्य नेशनल हेल्थ अवार्ड कार्यक्रम में देश के सभी राज्यों से सम्मानित चिकित्सक, जर्नलिस्ट, सोशल वर्कर एवं अन्य लोगों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान से विधि कोहली के माता पिता बेहद गर्व महसूस कर रहें। ऐसी बेटी पाकर गौरवमयी क्षण का अनुभव कर रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने बैठक कर ली कोरोना वैक्सीन की तैयारियों की जानकारी


तैयारियों की जानकारी लेते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा रूपेश कुमार ने एल-2 जिला महिला चिकित्सालय में कोरोना वैक्सीन की तैयारियों एवं कोविड-19 की रोकथाम व बचाव हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि वैक्सीन की तैयारी के सम्बन्ध में मास्टर प्लान तैयार कर यथाशीघ्र अंतिम रूप दिया जाये ताकि वैक्सीन सुरक्षित रहे और आवश्यकतानुसार प्रयोग में लायी जा सके। उन्होने निर्देशित किया कि मास्टर ट्रेनर के जरिये प्रशिक्षित वैक्सीनेटर ही कोरोना का टीका लगायेगे। मिशन कोरोना में दूसरे विभागों का भी सहयोग नान मेडिकल कार्यो में लिया जाये ताकि मेडिकल कर्मी खाली होकर टीका लगाये। कोविड टीकाकरण के पूर्व जो भी कमियां रह गयी हो उसको जल्द से जल्द पूर्ण करायें, इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही कदापि न बरती जाये। कोल्ड चेन सेन्टर में टीके को स्टोर करने के समस्त इंतजाम एवं व्यवस्था की निगरानी करते रहे।बैठक में जिलाधिकारी ने प्रतिदिन जांच हेतु भेजे जाने वाले सैम्पल के सम्बन्ध में जानकारी ली तथा सर्विलान्स टीम की सक्रियता बढ़ाते हुये अधिक से अधिक लक्षणयुक्त सैम्पल जांच भेजने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि पाजिटिव व्यक्ति के सम्पर्क में आये सभी व्यक्तियों की जांच अवश्य की जाये तथा कोविड टेस्टिंग कार्य में वृद्धि की जाये। कोविड अस्पताल में मरीजों को गुणवत्तायुक्त भोजन, नाश्ता की व्यवस्था एवं अस्पताल में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था रखी जाये। कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों को विशेष ध्यान देकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये एवं मरीजों से फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाये। कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों को निर्धारित प्रोटोकॉल के मुताबिक सभी व्यवस्थायें बेहतर ढंग दी जाये ताकि मरीजों को कोई दिक्कत न होने पाये। होम आइसोलेशन मरीजों का भी समय-समय पर फोन के माध्यम से स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी प्राप्त करते रहे।

# डीएम ने विकास खण्ड कड़ा का किया निरीक्षण


विकास खण्ड कड़ा का निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने मंगलवार को विकास खण्ड कड़ा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, मृतक पंजीकरण रजिस्टर, वित्तीय रजिस्टर सहित कार्यालय के संबंधित रिकार्ड को देखा।

जिलाधिकारी ने पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल, सामुदायिक शौचालय के बारे में जानकारी प्राप्त की, जिसमें एडीओ पंचायत के द्वारा सही जानकारी न दे पाने के कारण जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुए चेतानवी जारी की। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत में जिन सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है उनकों गांव में बनाये गये महिला समूह को तत्काल हैण्डओवर करायें। उन्होने ब्लॉक कोआर्डिनेटर को निर्देशित करते हुए कहा कि सामुदायिक शौचालयों को निरन्तर क्रियाशील बनाये रखने के लिए प्रतिदिन पॉच-पॉच शौचालयों को निरीक्षण करते रहे जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास हेतु ऑनलाइन किये गये आवेदन फार्मों के निरस्तता के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए किस कारण निरस्त किया गया है सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश खण्ड विकास अधिकारी श्रीमती श्वेता सिंह को दिया है। विकास खण्ड कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी को ब्लॉक परिसर में तत्काल साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री आवास, वरासत, मनरेगा, कन्या सुमंगला योजना के फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उनकी समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराये जाने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत

**कल्यानपुर कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नागिया मई गांव निवासी इकबाल अहमद पुत्र भुग्गा बाइक से रुखसाना बेगम को लेकर मंगलवार की सुबह भरवारी जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार इकबाल कोखराज थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तेज गति से आ रहे ट्रक चालक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार और महिला रुखसाना बेगम सड़क पर गिर पड़ी इस हादसे में रुखसाना बेगम उम्र 40 वर्ष की मौके पर मौत हो गई है।

वहीं बाइक चालक इकबाल अहमद भी इस हादसे में घायल हैं घायल को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है और मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ट्रैक्टर चालक में खड़ी बस ने मारी टक्कर

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के पंजाब नेशनल बैंक के पास स्कूल की बस घर के बरामदे में खड़े थे मिट्टी लादकर सड़क से जा रहे एक ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए स्कूल संचालक के घर के चबूतरे में चढ़ाते हुए बरामदे में खड़े स्कूल की बस को टक्कर मार दिया है जिससे स्कूल की बस में काफी नुकसान हो गया है सहयोग अच्छा था कि स्कूल संचालक और उनका परिजन इस हादसे में घायल नहीं हुए हैं जहां बस खड़ी थी वही उनका आवास बना है।

## इलाहाबाद बैंक शाखा का कई दिनों से सर्वर फेल

**भरवारी कौशाम्बी।** बैंक अधिकारियों के लापरवाही के चलते आए दिन शाखा कार्यालयों में सर्वर फेल हो जाता है जिसके चलते ग्राहकों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है अपने जमा धन को बैंक से निकालने में ग्राहक परेशान रहते हैं इसका कोई रास्ता बैंक अधिकारी नहीं खोज पाते हैं जिन ग्राहकों को आवश्यक कार्यो के चलते अपने बैंक खातों से जमा धन निकालना होता है वह बैंक पहुंचने के बाद भी घंटो सर्वर चालू होने का इंतजार करते हैं और जब सुबह से शाम तक बैंक में सर्वर नहीं आता तो ग्राहकों को खाली हाथ बैंक से वापस आना पड़ता है और अपनी जरूरत के लिए बैंक में जमा धन होने के बाद भी उन्हें सूदखोरों से रुपए लेकर अपनी मजबूरी के काम को निपटाना पड़ता है इस गंभीर समस्या के प्रति बैंक अधिकारी तनिक भी गंभीर नहीं है ताजा मामला भरवारी स्थित इलाहाबाद बैंक की शाखा का है जहां कई दिन से सर्वर फेल होने से ग्राहक परेशान हैं। नगर पालिका परिषद भरवारी अन्तर्गत नया बाजार स्थित इलाहाबाद बैंक का सर्वर फेल होने से ग्राहकों का बैंक में लेन देन नहीं होता है जिससे ग्राहकों में जबरदस्त आक्रोश है कई दिनों से सर्वर फेल होने के चलते बैंक का कार्य भी प्रभावित हो रहा है जिससे ग्राहकों को काफी परेशानी हो रही है जिसकी वजह से लोगो ने उच्च अधिकारियों से मांग की है